तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सप्लाई विविध प्रकरण सं. 07/2020 (2020/00091)** **सरकार जरिये थानाधिकारी पुलिस थाना देवनगर जोधपुर पश्चिम बनाम असलम खान पुत्र गफ्फार खान सिन्धी मुसलमान, निवासी सिंधी बस्ती मसूरिया।**
16.11.2022	पत्रावली आज पेश हुई। अप्रार्थी अधिवक्ता अनुपस्थित। संक्षिप्त में प्रार्थना पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि सरकार जरिये थानाधिकारी पुलिस थाना देवनगर जोधपुर पश्चिम की ओर से यह प्रार्थना–पत्र अतंर्गत धारा 6–ए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 सपठित द्रवित पेट्रोलियम गैस वितरण व प्रदाय नियंत्रण आदेश 2000 के तहत अप्रार्थी के विरूद्ध सर्वप्रथम न्यायालय जिला कलक्टर, जोधपुर के यहां पेश किया गया। प्रकरण स्थानान्तरण से प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने बतलाया कि दिनांक 15.07.2020 को अप्रार्थी के कब्जे से बिना वैद्य लाईसेन्स के घरेलू गैस सिलेण्डर एच0 पी0 कुल 22 जिसमें से क्रम संख्या 01 से 15 तक गैस टंकियां खाली तथा 16 से 22 तक भरी हुई मिली व 01 इलेक्ट्रोनिक कांटा व 01 गैस भरने वाली मशीन जिस पर गैस सप्लाई हेतु कनेक्टिंग पाईप व रेगुलेटर व दूसरे सिरे पर नोजल लगा हुआ पाये जाने पर जब्त किये गये। अप्रार्थी के पास उक्त सिलेण्डरों बाबत् कोई वैध अनुज्ञा–पत्र नहीं था। इस प्रकार घेरलू गैस सिलेण्डर का अन्य सिलेण्डर में भरने का कृत्य एवं अवैध सिलेण्डर संग्रहीत रखने पर द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की धारा 4 (a) (b) की स्पष्ट अवहेलना की गई है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। अन्त में प्रार्थी द्वारा उक्त जब्तशुदा गैस सिलेण्डरों एवं सामान के निस्तारण किये जाने की प्रार्थना की गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। अप्रार्थी को नोटिस अन्तर्गत धारा 6 बी आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 का जारी किया। अप्रार्थी की ओर से अधिवक्ता श्री उम्मेद अली मेहर ने वकालतनामा पेश किया। अप्रार्थी अधिवक्ता को प्रकरण में जवाब व बहस हेतु कई अवसर प्रदान

Signature Not Verified
Digitally signed by Madan Lal Nehra
Date: 2023.01.16 16:24:48 IST
Reason: SelfAttested

किये जाने के उपरान्त भी वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। इस प्रकार घेरलू गैस सिलेण्डर का अन्य सिलेण्डर में भरने का कृत्य एवं अवैध सिलेण्डर संग्रहीत रखने पर द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की धारा 4 (a) (b) की स्पष्ट अवहेलना की गई है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होने से कार्यवाही से सहमत होते हुए जब्तसुदा गैस सिलेण्डर मय गैस को राज्यसात (Confiscate) किये जाने का आदेश दिया जाता है। प्रार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वह जब्तशुदा गैस सिलेण्डरों, गैस भरने में प्रयुक्त मशीन मय पाईप व इलेक्ट्रीक तार तथा इलेक्ट्रोनिक कांटा को जिला रसद अधिकारी (प्रथम), जोधपुर को सुपुर्द करें। जिला रसद अधिकारी (प्रथम), जोधपुर को निर्देश दिये जाते है कि वह उक्त सिलेण्डर को संबंधित गैस एजेन्सी में जमा करावें तथा उससे प्राप्त राशि निर्धारित मद में राजकोष में जमा करायी जाये। गैस भरने में प्रयुक्त मशीन मय पाईप व इलेक्ट्रीक तार तथा इलेक्ट्रोनिक कांटा को निलामी के माध्यम से बेचकर इससे प्राप्त राशि को निर्धारित मद में राजकोष में जमा करावें। आदेश की एक–एक प्रति प्रार्थी थानाधिकारी पुलिस थाना देवनगर जोधपुर पश्चिम तथा जिला रसद अधिकारी (प्रथम), जोधपुर को पालनार्थ प्रेषित हो।

अपर जिला कलक्टर (प्रथम)
जोधपुर।

Signature Not Verified

Digitally signed by Madan Lal Nehra
Date: 2023.01.16 16:24:48 IST
Reason: SelfAttested